प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 22.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

****

घाटशिला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सीट पर 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए कुल 17 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। आज नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। नाम वापसी की आखिरी तिथि 24 अक्तूबर निर्धारित है। इस बीच सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। झामुमो की ओर से सभी मंत्रियों ने घाटशिला की कमान संभाल रखी है जबकि भाजपा की ओर से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य बड़े नेताओं ने मोर्चा संभाल रखा है।

****

भारत सरकार के अवर सचिव सुजीत नाथ चरण 30 अक्तूबर को रांची आयेंगे। इस दौरान वे आकाशवाणी केंद्र रांची में एसएचएस 5.0 मिशन की प्रगति की समीक्षा करेंगे। स्वच्छता ही सेवा अभियान एक राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान है जो स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य देश में स्वच्छता के प्रति जन भागीदारी बढ़ाना है।

****

इस बीच आकाशवाणी केन्द्र रांची की ओर से 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा मिशन 5.0 के तहत आज सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। केन्द्र के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में उप महानिदेशक अभियंत्रण सह कलस्टर प्रमुख डीसी हेम्ब्रम समेत अन्य अधिकारियों ने सफाई मित्रों सोनवा देवी, मनोज कुमार राम, अजय तिर्की, सुमन देवी, अमरजीत राम, महेन्द्र तिर्की और सुब्रतो राय को मिठाई और उपहार भेंट की। सम्मान समारोह के दौरान अधिकरियों ने कहा कि सफाई मित्र स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने बताया कि ये कर्मी हर मौसम और परिस्थिति में आकाशवाणी परिसर को स्वच्छ बनाए रखते हैं। उनके योगदान के बिना स्वच्छता की कल्पना संभव नहीं है।

****

राज्य में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पुलिस मुख्यालय स्तर से राज्य के पांच जिलों में एनडीपीएस थाना के गठन को लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। आईजी मुख्यालय द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने रांची, चतरा, जमशेदपुर, खूंटी और हजारीबाग में एक–एक एनडीपीएस थाना अधिसूचित कर दिया है।

****

छठ पर्व के मद्देनजर रांची में 27 और 28 अक्टूबर को ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। पर्व के दौरान सुगम यातायात और भीड़ नियंत्रण को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है, जो इमरजेंसी को छोड़कर सभी वाहनों पर लागू होगी। इस संबंध में रांची पुलिस ने आज आदेश जारी किया है।

****

छठ जैसे त्योहारों के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने और उन्हें बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची मंडल ने विशेष इंतजाम किए हैं। रांची रेलवे स्टेशन पर विशेष होल्डिंग एरिया बनाया गया है। होल्डिंग एरिया उन यात्रियों के लिए बनाया गया है, जो त्योहार स्पेशल ट्रेनों में यात्रा करने के लिए स्टेशन पर पहले से पहुंच जाते हैं।

****

गढ़वा जिले के गाँवों में 15 अगस्त 2026 तक बिजली पहुंचाने के लिए कार्ययोजना बनाने का काम जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

राजधानी रांची में 24 से 26 अक्तूबर तक सैफ सीनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बांग्लादेश, भारत और नेपाल की टीम रांची पहुंच चुकी है। इस बीच मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामले विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक शेखर जमुआर एवं झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव मधुकांत पाठक ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को चौंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। इधर, आज आयोजन समिति के समन्वयक मधुकांत पाठक ने बिरसा मुंडा स्टेडियम का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सफल आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

****